श्याम बता क्या देरी है

तर्ज - हनुमान भरोसा तेरा है

संकट हर लो, बाहों में भर लो,
आओ दीनानाथ,
बता क्या देरी है,
श्याम बता क्या देरी है, श्याम बता क्या देरी है,
संकट हर लो, बाहों में भर लो,
आओ दीनानाथ,
बता क्या देरी है॥

आ जाओ अब आ जाओ, देर भला क्यों करते हैं,
बालक तेरे बिलखते हैं, ध्यान तेरा ही धरते हैं,
सिर पे उनके हाथ फिरा दो, कर दो बेड़ा पार,
बता क्या देरी है,
संकट हर लो, बाहों में भर लो,
आओ दीनानाथ,
बता क्या देरी है ||

कैसा संकट आया, हर प्राणी घबराया है,
कैसी तेरी माया है, जग सारा भरमाया है,
अब तो अपने हाथ उठाओ, आन पड़ा तेरे द्वार,
बता क्या देरी है,
संकट हर लो, बाहों में भर लो,
आओ दीनानाथ,
बता क्या देरी है ||

तेरे चाहने वालों को, और कोई दरकार नहीं,
तू ही सहारा है उनका, और कोई सरकार नहीं,
'मोनू' की बस यही है विनती, रख लो सब की लाज,
बता क्या देरी है,
संकट हर लो, बाहों में भर लो,
आओ दीनानाथ,
बता क्या देरी है ||

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24313/title/shyam-bata-kya-deri-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |